Bihar Board Class 6 Social Science Civics Notes Chapter 5 हमारी सरकार

पाठ का सारांश

हम अक्सर सरकार का शब्द सुनते हैं। सरकार क्या है ? लोकतांत्रिक सरकार की विशेषतायें।

विभिन्न क्षेत्रों से संबंधित निर्णय लेने का काम करने के लिए सरकार की आवश्यकता होती है। सरकार कई समाजिक, राजनीतिक आर्थिक तथा महत्वपूर्ण कार्यों पर भी ध्यान देती है। जैसे-डाक, तार, फोन, रेल सेवाएँ आदि। देश की सीमाओं की सुरक्षा करना और दूसरे देशों से शांतिपूर्ण संबंध बनाए रखने का भी काम सरकार ही करती है। उसकी जिम्मेदारी यह सुनिश्चित करना है कि सभी नागरिकों को पर्याप्त भोजन, शिक्षा और अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएँ मिले।

जब प्राकृतिक विपदा घेरती है, जैसे सूखा, बाढ़ या भूकंप तो मुख्य रूप से सरकार ही पीड़ित लोगों की सहायता करती है।

सरकार हमारे देश में शान्ति-व्यवस्था बनाए रखना भी लोकतंत्र की जिम्मेदारी है। निर्णय लेना, कानून बनाना, उनको लागू करना, उनकी समीक्षा करना, उनमें परिवर्तन करना इत्यादि सभी सरकार के द्वारा संचालित होते हैं। सरकार के नियमों को भंग करने वालों को सरकार दंडित भी करती है।

सरकार की आवश्यकता हमारे जीवन को सहज, सखद एवं नियमित
बनाने के लिए होती है।

बिहार राज्य में सरकार पूरे बिहार के लोगों के लिए कार्य करती है। उसी प्रकार झारखण्ड, उत्तरप्रदेश, अन्य राज्यों की सरकार अपने प्रदेश के निवासियों के लिए कार्य करती है।

मतदान के द्वारा सरकार की नियुक्ति की जाती है। लोग अपने मताधिकार का उपयोग कर मतदान देकर लोग सरकार का निर्माण करती है। ऐसी सरकार को लोकतांत्रिक सरकार कहते हैं। इससे अलग भी एक और सरकार होती है, जिसे राजतंत्र कहते हैं। राजतंत्र में सत्ता की सारी शक्ति राजा में निहित · होतो है। राजतंत्र में राजा के द्वारा शासन चलता है।

लोकतंत्र में जनता अपनी इच्छा से मताधिकार का प्रयोग कर सरकार को चुनती है और अपने किये गये कार्यों की सफाई भी देनी होती है। जबकि राजतंत्र में राजा अपने वंश परम्परा से आते हैं। वे स्वयं निर्णय लेते हैं, जिनके लिए उन्हें कोई सफाई नहीं देनी पड़ती है।

भारत एक लोकतांत्रिक देश हैं । लोकतंत्र की प्रमुख बात यह है कि इसमें जनता अपना प्रतिनिधि मतदान द्वारा चुनती है। वही प्रतिनिधि शासन भी चलाते हैं। लोकतंत्र की महत्वपूर्ण बात है । लोकतंत्र में सभी वयस्क लोगों को चुनाव प्रक्रिया में शामिल होने का अधिकार है।

लोकतांत्रिक सरकार-सरकार जनता के लिए कुछ कायदे बनाती है जो संसद में बहुमत से पारित होने के पश्चात कानून बन जाते हैं। लोकतांत्रिक सरकार जनता के प्रतिनिधि के रूप में कार्य करती है। हर नागरिक जो 18 वर्ष से ज्यादा का है, मतदान करने का अधिकार प्राप्त है।

https://www.evidyarthi.in/

लोकतांत्रिक सरकार – सरकार के मुख्य तत्वों में भागीदारी समस्याओं का समाधान, संमानता एवं न्याय प्रमुख होते हैं। भागीदारी मतदान से जनता शासन चलाने में भागीदार बन सकती है। अगर वह जनता के भले के लिए कार्य नहीं करती तो जनता धरने, जुलूस, हड़ताल, हस्ताक्षर अभियान, सत्याग्रह आदि के माध्यम से अपनी बात सरकार तक पहुँचा सकती है। जनता सरकार बनाने से लेकर उसके कार्यों की समीक्षा तक में भागीदारी होती है।

समानता – समानता का सवाल तभी उठता है। जब कही भेदभाव या असमानता होती है। असमानता भी दो प्रकार की होती है

प्राकृतिक असमानता जा प्रकृति की देन होती है तथा जिसमें बदलाव संभव नहीं होता है। दूसरी असमानता समाज द्वारा उत्पन्न की हुई होती है जैसे छुआ-छूत, लिंग-भेद, आर्थिक असमानता, अमीर-गरीब आदि । समानता तभी आ सकती है जब राज्य द्वारा सभी व्यक्तियों को विकास के लिए समान अवसर मिले।

न्याय – समानता के अधिकार के बगैर न्याय संभव नहीं है। छुआछत पर रोक लगाकर सरकार ने निम्न वर्ग के लोगों को समान अवसर प्रदान करने का प्रयास किया। लड़कियों को आगे बढ़ाने के लिए सरकारी विद्यालयों एवं कॉलेजों में फीस माफ कर दी गई है। पोशाक योजना आरंभ की गई है। महादलित बच्चे-बच्चियों के लिए छात्रावृति योजना का आरंभ किया गया है। सरकार द्वारा कानून के माध्यम से महिलाओं को विशेष दर्जा देकर समान अवसर प्रदान किया गया है।

जैसे – पैतृक धन-सम्पत्ति में समान बँटवारा । सरकार नियम, कायदे बनाती है। कोई व्यक्ति यदि किसी दूसरे व्यक्ति की सम्पत्ति को क्षति या नुकसान पहुंचाता है, उसके चीजों की चोरी करता है. तो सरकार द्वारा बनाए गए कानून के तहत उसे न्यायलय की प्रक्रिया द्वारा दण्डित किया जा सकता है। सरकार को भी अपने बनाये नियमों का पालन करना होता है।

लोकतांत्रिक सरकार लोक कल्याण की भावना पर अधारित होती है जो स्वतंत्रता, समानता, न्याय एवं बंधुत्व की अवधारणाओं को प्रश्रय देती है।

https://www.evidyarthi.in/